दिन– शनिवार दिनांक– 01/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व इक्कीसवीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज एन एक्स टी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश को जानने के लिए दुनियाभर से लोग भारत आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां सकारात्मक समाचार निरंतर बन रहे हैं और यहां प्रत्येक दिन नई घटनाएं घटित हो रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि प्रयागराज में एकता के संगम– महाकुंभ का हाल ही में समापन हुआ। महाकुंभ ने पूरे विश्व को चकित कर दिया कि कैसे नदी के किनारे एक अस्थायी शहर में करोडों लोगों ने पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश के लिए वोकल फॉर लोकल यानी स्थानीय उत्पादों को बढावा देने और लोकल फॉर ग्लोबल यानी वैश्विक उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बनाने की परिकल्पना की और यह अब वास्तविकता में बदल रही है। उन्होंने कहा कि भारत, आज विश्व की नई फैक्ट्री बन रहा है और आज यह केवल कार्यबल नहीं बल्कि विश्व शक्ति बन रहा है।

————————————————————————

सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण में उत्तीर्ण उनसठ हजार से अधिक नियोजित शिक्षकों को आज विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार मौजूद थे। इधर, जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में भी विशिष्ट शिक्षक का नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। विशिष्ट शिक्षकों में पचपन हजार आठ सौ पैंतालीस प्रारंभिक शिक्षक, दो हजार पांच सौ बत्तीस माध्यमिक शिक्षक और छह सौ इक्यावन उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं।

————————————————————————

रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। फुलवारीशरीफ स्थित इमारत–ए–शरिया बिहार, ओडिशा, झारखंड के काजी शरियत मौलाना मोहम्मद अंजार

आलम कासमी ने बताया कि चाँद नहीं देखे जाने के कारण आज शाबान की आखिरी तारीख है। कल पहला रोजा होगा।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत आस–पास के हिस्सों में आज सुबह तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली जिले के राजापाकर में सबसे अधिक चार दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, भागलपुर, बांका, मुंगेर और सिवान जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जताई गयी है।

———————————————————————

होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने राजेन्द्र नगर–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल ट्रेन का अप और डाउन में एक अप्रैल तक परिचलान करने का फैसला किया है। वहीं, दानापुर–आनंद विहार स्पेशल ट्रेन इकतीस मार्च तक प्रत्येक रविवार को आनंद विहार के लिए रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन आनंद विहार से प्रत्येक सोमवार को दानापुर के लिए खुलेगी।

———————————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने दाखिल–खारिज में लोगों से अवैध तरीके से रूपये वसूलने के दोषी अरियरी प्रखंड के राजस्व कर्मी विष्णु यादव को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज स्थित बाजार समिति में अपराधियों ने दो किराना दुकानदारों को बंधक बनाकर बाईस लाख रूपये लूट लिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

कैमूर जिले के समेकित चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक पिकअप वैन से एक सौ इकतीस कार्टन शराब के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

पटना के फतुहा में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। साथ ही कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।